IIT Dhanbad को इंजीनियरिंग संस्थानों में देश में 11वाँ स्थान

चर्चा में क्यों

9 सितंबर, 2021 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)-2021 में आईआईटी, धनबाद को 11वां स्थान मिला है।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही इंजीनियरिंग संस्थानों की श्रेणी में बीआईटी मेसरा को 46वाँ तथा एनआईटी जमशेदपुर को 86वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
- आईएसएम की रैंकिंग में और सुधार हुआ है। देश के टॉप 100 इंजीनियरिंग कॉलेजों में यह संस्थान पिछले साल 12वें स्थान पर था, जो इस बार 11वें स्थान पर पहुँच गया है। वहीं, बीआईटी मेसरा की रैंकिंग में गिरावट का सिलसिला जारी है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की श्रेणी में इसे इस बार 46वाँ स्थान मिला है। पिछले साल इसे देश भर में 38वाँ स्थान मिला था।
- वहीं, एनआईटी, जमशेदपुर की रैंकिंग में भी गिरावट आई है। यह 79वें स्थान से खिसककर 86वें स्थान पर पहुँच गई है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क में इस बार भी देश के टॉप 100 कॉलेजों में झारखंड का एक भी कॉलेज स्थान नहीं बना पाया है।
- मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों, विधि कॉलेजों तथा रिसर्च की श्रेणी में झारखंड का एक भी संस्थान अपना स्थान नहीं बना सका है।
- विश्वविद्यालयों की श्रेणी में देश भर के टॉप 100 विश्वविद्यालयों में झारखंड से एकमात्र बीआईटी मेसरा ने स्थान बनाया है, हालाँकि इसकी रैंकिंग भी 66वें से गिरकर 86वें स्थान पर पहुँच गई है।
- प्रबंधन संस्थानों की श्रेणी में टॉप 100 संस्थानों में चार झारखंड के हैं। हालाँकि, जमशेदपुर के एक्सएलआरआई को छोड़कर तीन संस्थानों की रैंकिंग में गिरावट आई है। एक्सएलआरआई देश भर में आठवें, आईआईएम, राँची 21वें, आईएसएम धनबाद 30वें तथा बीआईटी 70वें स्थान पर है।
- आईआईएम, राँची की रैंकिंग में गिरावट आई है। इसी तरह, ओवरआल आईआईटी, धनबाद 26वें स्थान पर है। बीआईटी मेसरा को इस बार इसमें स्थान नहीं मिला है। पिछले साल यह 85वें स्थान पर था है। आर्किटेक्चर संस्थानों की श्रेणी में बीआईटी को टॉप 50 में 14वाँ स्थान मिला है।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा नवंबर 2015 में शुरू किये गए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग प्रेमवर्क का यह छठा संस्करण है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/iit-dhanbad-11th-in-the-country-among-engineering-institutes